**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 21-02-2006**

**Participants : Prasad Shri Hari Kewal**

an>

Title : Need to review the functioning of Indira Awas Yojana in Deoria district with a view to construct more houses for the poor people living in the region.

**श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) :** अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर, देवरिया जिला एक अत्यंत पिछड़ा इलाका है जहां पर अत्यंत गरीब एवं खेतिहर मजदूर निवास करते हैं। यहां पर कभी बाढ़ एवं कभी सूखे जैसी प्राकृतिक आपदा का सामना करना पडता है। जिसके कारण लोग धन के अभाव में अपना घर बनाने में असमर्थ रहते हैं। गतर्वा के दौरान यहां की आवश्यकता एवं विशो परिस्थितियों के कारण इस जिले में 20 हजार इन्द्रा आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया था। परन्तु, 20 हजार इन्दिरा आवास का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। जिसका परिणाम यह हुआ कि इस वित्तीय र्वा में इन्दिरा आवास बनाने का लक्ष्य 20 हजार के बजाय केवल 5 हजार इन्दिरा आवास रखा गया है। जिसकी जानकारी मिलने पर यहां के लोगों में आक्रोश है एवं ये 5 हजार इन्दिरा आवास यहां की गरीबी  और गृह विहीन लोगों की मांग के अनुरूप नहीं है। अभी भी 60 प्रतिशत के करीब लोग अपने परिवार के साथ झुग्गी-झोंपड़ी में रहते हैं, जिसके कारण बरसात एवं सर्दी के समय इनके परिवार को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस वित्तीय र्वा में भी इन्दिरा आवास की संख्या 20 हजार गत र्वा की तरह रखी जाये और जिले के अधिकारियों के काम काज पर कड़ी निगरानी रखी जाये जिससे लक्ष्य को पूरा किया जा सके।